# शिक्षा मंत्री ने नावर क्षेत्र में नरैण-घराला-मढारली सम्पर्क मार्ग का किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**
शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज नावर क्षेत्र की ग्राम पंचायत शरौंथा में नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित 6 किलोमीटर नरैण-घराला-मढारली सम्पर्क मार्ग का लोकार्पण किया और इस मार्ग पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान राज्य सरकार हर वर्ग एवं हर क्षेत्र के विकास के लिए कटिबद्ध है और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित वर्गों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।



**आईटीआई टिक्कर में किए जाएंगे नवीनतम कोर्स शुरू**
उन्होंने बताया कि नावर क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आईटीआई टिक्कर में नवीनतम कोर्स शुरू किए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को घरद्वार पर रोजगार परक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी और वह आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर होंगे। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि नावर क्षेत्र में सम्पर्क मार्गों को सुदृढ़ बनाया जाएगा ताकि लघु एवं सीमांत बागवानों को अपने उत्पाद मार्केयार्ड तक पहुंचाने में कोई असुविधा न हो। रोहित ठाकुर ने बताया कि जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाया जाएगा ताकि ग्रामीण परिवेश के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तायुक्त शिक्षा की सुविधा मिल सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा और चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के पदों को भी शीघ्र भरा जाएगा।

**सम्पर्क मार्ग घराला के विस्तारीकरण के लिए 10 लाख रुपये की राशि**
उन्होंने सम्पर्क मार्ग घराला के विस्तारीकरण के लिए 10 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। शिक्षा मंत्री ने बताया कि जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत 200 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे क्षेत्र में सडकों के माध्यम से प्रति व्यक्ति आय में इजाफा होगा और पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा।

## 'भाजपा नेताओं की वजह से नहीं मिल रहे क्लेम के 4950 करोड़ रुपये'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**उप-मुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने प्राकृतिक आपदा पर राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए भाजपा को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि आपदा के क्लेम के 4950 करोड़ रुपये केंद्र सरकार से न मिलने के लिए हिमाचल भाजपा दोषी है। भाजपा नेताओं की वजह से ही केंद्र ने यह राशि रोकी हुई है। आपदा से नुकसान का 6746 करोड़ रुपये का पहला क्लेम नोट हिमाचल सरकार ने 10 अगस्त, 2023 को केंद्र सरकार को भेज दिया था। उसके बाद 9900 करोड़ रुपये का संशोधित क्लेम नोट 10 अक्तूबर, 2023 को भेजा गया है। उप-मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री ने कहा कि कुल क्लेम का 50 फ ीसदी यानि 4950 करोड़ रुपये हिमाचल प्रदेश का हक बनता है। यह राशि केंद्र सरकार को तुरंत जारी करनी चाहिए ताकि लोगों के पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। मुकेश अग्निहोत्री व जगत सिंह नेगी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अभी तक क्लेम का एक पैसा भी केंद्र सरकार ने हिमाचल को नहीं दिया है। केंद्र की तीन टीमें अब तक प्रदेश में आकर बाढ़ व भारी बारिश से हुए नुकसान का आंकलन कर लौट चुकी हैं। क्लेम की राशि प्रदेश का अधिकार है, यह प्राकृतिक आपदा आने पर सभी राज्यों को मिलता है, इसे राजनीतिक आधार पर नहीं रोका जा सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल में आई आपदा को न तो राष्ट्रीय आपदा घोषित किया गया और न ही इस आपदा से उबरने के लिए कोई विशेष राहत पैकेज दिया गया। आपदा प्रभावित हिमाचल प्रदेश की जनता अब विशेष राहत पैकेज की मांग भी नहीं कर रही, बल्कि हिमाचल को 4950 करोड़ रुपये मिलने चाहिए जो हिमाचल प्रदेश का अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल भाजपा के नेता इस धनराशि को जारी नहीं होने दे रहे हैं। इसी तरह से बिजली कंपनियों से वाटर सेस लेने के लिए बार-बार रोका जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### इफ्को द्वारा कल गारन कृषि सेवा सहकारी सभा में लगाया जाएगा जागरूकता शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/फ तेहपुर/विजय समयाल**
नूरपुर एवं इंदौरा क्षेत्र की कृषि सहकारी सभाओं के लिए 4 नवंबर, 2023 शनिवार को सुबह 11 बजे से नैनो उर्वरकों की जागरूकता हेतु विक्रेता एवं प्रगतिशील किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण का स्थान गारन कृषि सहकारी सभा रखा गया है। प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी फ सलों में नैनो उर्वरकों के इस्तेमाल बावत जानकरी देना एवं सहकारी सभाओं के पदाधिकारियों एवं किसानो को इफ को के नए उत्पादों जैसे नैनो यूरिया तरल एवं हाल ही में शुरू हुआ नैनो के बारे में बिक्री के लिए ज्ञान प्रदान करवाना, इफ को की गतिविधियों के बारे में सूचना प्रदान करना है। एवं इस कार्यक्रम में सभी सहकारी बंधू अपनी अपनी सहकारी समिति से जुड़े प्रगतिशील किसानो की भागीदारी भी सुनिश्चित करें।

### शिरकत 8 नवंबर को पातका से साहला मार्ग के अपग्रेडेशन कार्य का करेंगे भूमि पूजन



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 4 नवंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुवाड़ी में चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा अध्यक्ष के जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार वह 6 नवंबर को दोपहर बाद राइजिंग स्टार प्ले पब्लिक स्कूल चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे।उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष 7 नवंबर को चंबा में राहत, पुनर्वास एवं पुनः बहाली कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। दोपहर बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मैहला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

## 'स्पीति घाटी में फलीभूत होगी करोड़ों रुपए की पांच बड़ी परियोजनाएं'

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/अंगारिया**
लाहुल स्पीति में करोड़ों की लागत से पांच बड़ी परियोजनाएं फ लीभूत होने जा रही हैं। जिसके लिए स्पीति घाटी के सभी लोग कई वर्षों से इंतजार कर रहे थे। लाहुल स्पीति के लोक विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि पिछली सरकार में सिटी घाटी की अनदेखी हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सुखू के नेतृत्व में जनजातीय जिला का युद्ध स्तर पर विकास हो रहा है। इस फेहरिस्त के प्रथम चरण में स्पीति घाटी में करोड़ों रुपयों की पांच बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए रूपरेखा तैयार कर ली गई है और जल्द ही इसे सरकार की तरफ से मंजूरी के साथ साथ बजट भी उपलब्ध करवा दिया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार को विधायक रवि ठाकुर की प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव वितायुक्त राजस्व ओंकार शर्मा के साथ वीडियो कांफ्रें स हुई जो पूरी तरह सफल रही। इसी वीसी में हिमाचल सरकार के कई उच्चाधिकारी भी शामिल रहे जिन्हें ने स्पीति घाटी की उक्त पांचों बड़ी परियोजनाओं को ग्रीन सिग्नल देते हुए जल्द इस पर सरकार की तरफ से हरि झंडी प्रदान करवाने की बात कही है।

## जगत सिंह नेगी ने रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**
राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज क्षेत्रीय अस्पताल रिकांग पिओ में रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिला के अस्पताल केंद्रों में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि जिलो के लोगों को उनके घरद्वार के निकट बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो सके।राजस्व मंत्री ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में प्रदान की जा रही विशेष सेवाओं में गुणवत्ता लाई जाए। इसके अलावा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूह व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्पीलो में रात्रि के समय भी चिकित्सक उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।बैठक में अवगत करवाया गया कि जिला किन्नौर में अशोधित जन्म दर 9.8 प्रतिशत है तथा अशोधित मृत्यु दर 3.98 प्रतिशत है और जन्म के समय लिंग अनुपात 930 है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023 में अब तक 68093 व्यक्तियों का ओपीडी और 2271 व्यक्तियों का आईपीडी में उपचार किया गयाए जबकि 227 लघु और 125 प्रमुख शल्य चिकित्सा की गई।

## सीटू ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन




**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
सीटू ने अखिल भारतीय आवाहन बिजली के निजीकरण करने व श्रमिक कल्याण बोर्ड से मनरेगा व सभी निर्माण मजदूरों को बाहर करने के विरोध में हमीरपुर में प्रदर्शन किया और विकास खंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। उल्लेखनीय है मोदी सरकार बिजली क्षेत्र को निजी हाथों में सौंपने के लिए 2020 में बिजली बिल लाया है जिसके चलते देश के सभी बिजली बोर्डों को प्राइवेट करने का कार्य किया जा रहा है हिमाचल प्रदेश में उसी कड़ी में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगवाने का कार्य कांग्रेस सुखु सरकार ने भी इस कदम पर नक्शे कदम पर आगे बढ़ते हुए टेंडर आवंटित कर दिए हैं। इससे बिजली के दाम का निर्धारण भी निजी कंपनियों के हाथ में चला जाएगा वह अपनी मर्जी के मुताबिक दाम तय कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश में सुखु सरकार के बनने से बाद से ही जो श्रमिक कल्याण बोर्ड बना है उसके सभी तरह के लाभ मजदूरों को जो मिलते थे बंद कर दिए गए हैं। हालांकि लगातार आश्वासन के बावजूद भी काम किया नहीं जा रहा है। मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री धनीराम शांडिल से भी नए भी 15 दिन के अंदर कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया था मगर इस कोई भी काम नहीं किया नहीं जा रहा है। यह गैर कानूनी तरीके से जो हिमाचल प्रदेश में लाखों मनरेगा और निर्माण के मजदूर कल्याण बोर्ड में पंजीकृत हैं उन कुछ लाभ मिलते थे उसे भी रोक दिया गया है। हालांकि श्रमिक कल्याण बोर्ड में यह फैसला लिया गया था और कि मनरेगा और गांव के निर्माण मजदूर को तुरंत लंबित लाभ जारी कर दिए जाएंगे और उनका कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मगर उसके उपरांत बोर्ड के निर्णय को लागू नहीं किया जा रहा है और मजदूरों को जानबूझ कर मिलने वाले लाभों से वंचित रखा जा रहा है और यह सारा कार्य मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु के इशारे पर ही किया जा रहा है। सुखविंदर सिंह सुखु राजनीतिक विद्वेष के चलते पूरे हिमाचल प्रदेश के निर्माण मजदूरों प्रताड़ित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## 238 बच्चों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना हेतु पात्रता प्रमाण पत्र जारी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी की अध्यक्षता में आज उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मिशन वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, बाल आश्रमों में बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाएं तथा बाल उत्पीड? सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने बतायाा कि जिला में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 9 बाल-बालिका आश्रम, एक विशेष दतक ग्रहण एजेंसी एवं एक अवलोकन गृह मौजूद है, जिसमें 366 बच्चों का पंजीकरण किया गया हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की बेहतर देखभाल तथा उन्हें हर प्रकार की सुख.सुविधाएं एवं गुणवतायुक्त शिक्षा प्रदान करना हम सभी का परम कर्तव्य है। उपायुक्त ने बैठक में सभी प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वह इन बच्चों के प्रति सच्ची निष्ठा से कार्य कर उनका सहारा बनें ताकि उनके भविष्य को संवारा जा सके। उन्होंने कहा कि जिला में बाल देखभाल संस्थान में सभी प्रकार की गुणात्मक सेवाएं प्रदान की जा रही है,

जिसमें बच्चों का निरंतर चिकित्सा देखभाल एवं उपचार, जलवायु परिस्थितियों के अनुरुप बच्चों को कपड़ें एवं बिस्तर, सीसीआई में चार्ट अनुरुप भोजन, सुरक्षित एवं साफ पेयजल, सफ ई, कम्प्यूटर, परामर्श एवं मनोरंजन आदि सुविधाएं प्रदान की जा रही है।
उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत जिला में 3 क्रेडल बेबी रिसेप्शन सेंटर की भी स्थापना की गई है।



**सुविधाएं**

8 बच्चों को कपड़ें एवं बिस्तर, सुरक्षित एवं साफ पेयजल, सफ ई, कम्प्यूटर, परामर्श एवं मनोरंजन आदि सुविधाएं प्रदान की जा रही

## आर्य समाज हमीरपुर के वार्षिक उत्सव का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के पावन अवसर पर आर्य समाज हमीरपुर का वार्षिक उत्सव 3 नवंबर से 5 नवंबर तक मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञए भजन व उपदेश के उपरांत ध्वजारोहण से किया गया ।इसके पश्चात स्वामी दयानंद चौक से आर्य समाज भवन तक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें डी ए वी हमीरपुर तथा डीएवी कांगू के छात्रों ने भाग लिया। साथ ही शोभायात्रा में आर्य प्रतिनिधि हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों ने तथा आर्य समाज हमीरपुर के सदस्यों ने भी भाग लिया ।इस अवसर पर आर्य समाज हमीरपुर के प्रधान पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले इस वार्षिक उत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में विद्वान गार्गी कन्या गुरुकुल उत्तर प्रदेश के स्वामी चेतन देवए बहन अलका आर्य बदायूं उत्तर प्रदेश से तथा हिमाचल प्रदेश से वीरी सिंह आर्य विशेष रूप से भजन व उपदेश करेंगे।




## 9 दिसंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**अतिरिक्त** न्यायिक जिला दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विशाल कौंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न मामलों का समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा जिसमें आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, एनआई एक्ट, धन वसूली पर सुनवाई जैसे मामले शामिल रहेंगे। इसके इसके अलावा लोक अदालत में सडक दुर्घटना क्ले, श्रम विवाद के मामले, बिजली और पानी के बिल, वैवाहिक विवाद तलाक को छोडकर, भूमि अधिग्रहण, वेतन, भत्तों व सेवानिवृत्ति से संबंधित मामलों की सुनवाई कर निपटारा करना सुनिश्चित बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जो मामले न्यायालय में अब तक दायर नहीं हुए हैं उन मामलों का भी लोक अदालत में निपटारा किया जाएगा। कोई भी इच्छुक व्यक्ति यदि अपने मामलों का निपटारा करवाना चाहता है तो वह 9 दिसंबर या उससे पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय चम्बा में सादे कागज पर आवेदन कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय चम्बा के दूरभाष नंबर 01899-226309 पर संपर्क किया जा सकता है।

**लोक अदालत**

8 आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, एनआई एक्ट, धन वसूली पर सुनवाई जैसे मामले शामिल रहेंगे

## केंद्रीय दल ने सराहे मंडी जिला प्रशासन के प्रयास

### कैच द रेन अभियान तथा अमृत सरोवर निर्माण में किए शानदार कार्य की प्रशंसा

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/खेमचंद शास्त्री**
**मानसून** उपरांत गतिविधियों की समीक्षा को लेकर मंडी जिले के दौरे पर आए केंद्रीय दल ने जिले में कैच द रेन अभियान तथा अमृत सरोवर निर्माण में किए शानदार कार्य के लिए जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की है। इस दल में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग की निदेशक एम. अनिता तथा जल शक्ति मंत्रालय के केंद्रीय भू जल बोर्ड अहमदाबाद के वैज्ञानिक गजानन रामटेक शामिल रहे ।केंद्रीय दल ने शुक्रवार को मंडी में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर कैच द रेन अभियान तथा अमृत सरोवर निर्माण को लेकर प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने जिले में जल संरक्षण, जल प्रबंधन, सिंचाई, परंपरागत पेयजल स्त्रोतों के संवर्धन, वाटरशेड तथा वनीकरण गतिविधियों का ब्यौरा तथा कार्यों की जिओ टैगिंग की जानकारी ली।
जिला प्रशासन ने केंद्रीय दल को अवगत कराया कि मंडी जिले में 229 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। इनमें से 173 का काम पूरा कर लिया गया है, जबकि 56 का कार्य प्रगति पर है।



## चार और 05 नवंबर को कैरियर एकेडमी परीक्षा होगी

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ**
**हिमाचल** प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी करियर अकादमी नाहन के द्वारा छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए एक बार फिर से सीएटीएसी केट्स करियर अकादमी टैलेंट सर्च एग्जाम परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा आठवीं से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए आयोजित करवाई जाएगी। सीएटीएसी केट्स करियर अकादमी टैलेंट सर्च एग्जाम की यह परीक्षा 04 नवंबर को सिरमौर के निजी व सरकारी स्कूलों तथा 05 नवंबर को करियर अकादमी नाहन और करियर अकादमी स्कालर्स पांवटा साहिब ब्रांच में होगी। बड़ी बात तो यह है कि करियर अकादमी द्वारा हर स्कूल के हर कक्षा में टॉप 10 पर रहने वाले विद्यार्थियों को यह स्कॉलरशिप मिलेगी। इस परीक्षा में 3 लाख से अधिक की स्कालरशिप दी जाएगी। इस परीक्षा मे विभिन्न स्कूलों के अभी तक 6500 छात्रों ने बढ़.चढ़ कर भाग लिया है।

**तैयारी**

8 यह परीक्षा आठवीं से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए आयोजित करवाई जाएगी

## राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव समृद्धि-संस्कृति का प्रतीक

**टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/अनिल**
**राजस्व,** बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिला के रिकांग पिओ स्थित मिनि स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्षता करते हुए कहा कि जनजातीय जिला किन्नौर की समृद्ध संस्कृति, रीती-रिवाज, खान-पान व पहरावे के संरक्षण एवं संवर्धन का प्रतीक है राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव। राजस्व मंत्री ने उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में मेलों का सांस्कृतिक महत्व है और विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने में पारम्परिक मेले अत्यंत महत्व रखते हैं। किन्नौर जिला में वर्ष 1994 से मनाया जा रहा किन्नौर महोत्सव जनजातीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन में जहां एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, वहीं जनजातीय क्षेत्रों की संस्कृति के प्रचार-प्रसार में भी अहम योगदान प्रदान करता है। उन्होंने मेला समिति को किन्नौर महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी ।बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार हिमाचल में आई आपदा से राहत प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपदा के कारण हुए नुकसान के लिए 3500 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज पुनःउत्थान एवं पुनर्वास के लिए घोषित किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा कच्चे मकान को हुए नुकसान के लिए 01 लाख 50 हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर 07 लाख रुपये प्रति घर किया गया। उन्होंने बताया कि आपदा से जिन भेड़ पालकों की भेड़ों का नुकसान हुआ है उन भेड़ पालकों के लिए सरकार द्वारा मुआवजा राशि को 4000 रुपये से बढ़ाकर 6000 रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय जिलों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



## 11 से 14 नवंबर तक चलेगा अंतराष्ट्रीय लवी मेला की तैयारी में लगा विभाग

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
अंतराष्ट्रीय लवी मेला 11 नवंबर से शुरू होने वाला है पुलिस तैयारी में जुट गयी है ट्रेफि क प्रबंधन को प्रमुखता से सुचारु रूप से चलाना होगा चुनौती, पुलिस ने मास्टर कण्ट्रोल रूम बनाया है जिससे 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी दिन-रात क्यूआरटी पेट्रोलिंग चलाई जाएगी। एसपी शिमला संजीव गाँधी ने कहा पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल व अधिकारियों को तैनात किया गया है, इस बार एंटी सोशल स्कवेड बनाई गयी है जिसमें डीएसपी रैंक के अधिकारी शामिल है जो एंटी सोशल एक्टिविटी पर जोरदार कार्यवाही करेगी ड्रोन के माध्यम से चप्पे चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी। पुलिस पूरा प्रयास करेगी विश्वविख्यात लवी मेला शांतिपूर्ण तरिके से सम्पन्न हो।



# जिला में प्रवासी कामगारों के पंजीकरण का अभियान जारी: मदन धीमान

## पुलिस को पार्षदों व पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग आपेक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

पंचायत प्रतिनिधियों व पार्षदों के साथ पुलिस समन्वय बैठक आज थाना परिसर बिलासपुर में आयोजित की गई। बैठक अध्यक्षता उप-पुलिस अधीक्षक मदन धीमान ने की और थाना प्रभारी रूप लाल कथानिया भी उपस्थित रहे। उप पुलिस अधीक्षक मदन धीमान ने कहा कि क्षेत्र में शांतिप्रिय वातावरण बनाने, प्रवासीयों के पंजीकरण सहित नशे पर अंकुश लगाने में पंचायत व जनप्रतिनिधियों का सहयोग के बिना पुलिस के लिए कठिन है। उन्होंने बताया कि जिला



नवम्बर माह में एक पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधि अपनी पंचायत में रह रहे प्रवासियों का सबंधित थानों में पंजीकरण करवाना अवश्य सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जहां प्रवासी निवास कर रहे हैं वह किरायेदारों का थानों पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें ताकि क्षेत्र में रह रहे प्रवासियों की संख्या व स्थानों की सही जानकारी हो। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपनी पंचायतों में भी प्रवासियों की जानकारी सहेजने के लिए एक उन्होंने पंचायत प्रनिधियों से पंचायतों में घूमकर घूमकर सामान बेचने वाले प्रवासियों से संबधित थानों में पंजीकरण करवाया है कि नहीं इस बारे पूछताश करने का आग्रह किया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि के लिए पंचायत प्रतिनिधियों अपनी पंचायत में युवाओं के अभिभावकों से अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चिट्टा बेचने तथा नशे के सौदागरों की सूचना पुलिस से साझा करें ताकि पुलिस इन सौदागरों को सलाखों के पीछे पंहुचा सके।

उन्होने कहा कि चिट्टे के सौदागरों की सूचना देने बाले का जानकारी किसी से भी सांझा नहीं की जाएगी। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें।

# सतौन की बेटियों ने राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट में सिरमौर का नाम किया रोशन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

सतौन गिरिपार क्षेत्र का सतौन खेल के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहा है। यहाँ से कबड्डी हो या क्रिकेट या फि र फुटबाल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने जीत का परचम लहराया है। खास कर हॉकी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किये है। शिलॉइ क्षेत्र का पहला स्कूल है जो हॉकी में जिले स्तर पर विजयी रहा। उसके उपरांत राज्य स्तर पर भी हॉकी में अपना परचम फहराने में कामयाब रही। जिले की हॉकी टीम में 16 छात्रों में से रावमापा स्कूल की छः छात्रों ने भाग लिया। जिला सिरमौर की टीम की कप्तान भी सतौन स्कूल की छात्रा रही। विजयी टीम की खिलाडि?ों का सतौन स्कूल स्टाफ , अभिभावकों और ग्रामीणों ने बस स्टैंड पर ढोल



नगाड़ों के साथ स्वागत की। कोच नरेश ने जानकारी देते हुये बताया कि जिला सिरमौर की टीम ने पहले मैच में विलासपुर को 4.2 से दूसरे मैच में मंडी को 5-1 से और फ इनल मुकाबले में ऊना को 5.0 से हराकर ट्रॉफ ी पर कब्जा किया है। स्कूल प्रधानाचार्य ने बताया कि सतौन स्कूल के हॉकी के कोच और जिला सिरमौर की टीम के प्रबंधक नरेश चौहान को कंधे पर उठाकर स्वागत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य दीप चंद शर्मा ने स्कूल के शारिरिक अध्यापक नरेश चौहान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नरेश चौहान की अगुवाई में सतौन के छात्र छात्राएं खेल के क्षेत्र में नए आयाम स्थापिय कर रहे है।

## 5 नवम्बर को साईगलू क्षेत्र में बिजली बंद

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

विद्युत उपमंडल साईगलू के सहायक अभियंता ई. हुक्म चन्द ने बताया कि 33 केवी उच्च ताप लाइन के क्षतिग्रस्त डबल पोल स्ट्रक्चर को बदलने तथा विद्युत उप केन्द्र साईगलू की आवश्यक मरम्मत रख-रखाव कार्य के चलते साईगलू के अन्तर्गत आने वाले इलाकों में 5 नवम्बर रविवार को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इनमें कोटली, ढंढाल, सुरारी, खलाणू, माहन, भरगांव, कोट, डवाहण, कून, लागधार, सैण, साईगलू, कसाण, सदयाणा, साई, परराहल, धडयाना, बग्गी, गोखड़ा, बटाहर, सेहली, लोट, बीर, लाग, सदोह, तरनोह, धन्यारी, बरयारा, तल्याहड़, रन्धाड़ा, कोठीगहरी व तांदी इत्यादि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी।

# माध्यमिक पाठशाला में एनएसएस इकाई ने किया कैंप का आयोजन

**मार्गदर्शन**

**8 एनएसएस ईकाई ने रमेश कुमार के नेतृत्व एवं कार्यकम प्रभारी अर्चना शर्मा एवं डॉ. लेखराज वर्मा के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**जिला** मंडी के वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गगल में एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय की एनएसएस ईकाई ने रमेश कुमार के नेतृत्व एवं कार्यक्रम प्रभारी अर्चना शर्मा एवं डॉ. लेखराज वर्मा के मार्गदर्शन में सफ लता पूर्वक पूर्ण हुआ। इस आवासीय कैंप में 30 छात्र स्वयसेवियों तथा 24 छात्रा स्वयंसेवीयों तथा प्रभारी




शिक्षकों ने 7 दिनों तक विद्यालय में रहकर अनेक प्रकार की शैक्षणिक,गैर शैक्षणिक जिसमें स्वास्थ, स्वच्छता, सामाजिक सेवाए खेल गतिविधियों में भाग लिया। इस कैंप के दौरान एनएसएस स्वयसेवीयों को चार समूहों में बांटा गया, जिन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे उठकर, 6 बजे प्रभात फेरी निकालना, 7 बजे परेड में भाग लेना और 8 बजे नाश्ता करना, उसके बाद प्रोजेक्ट वर्क तथा सायंकाल को सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। कैंप के समय सुबह के नाश्ते से लेके दोपहर और रात का भोजन बनाना, बर्तन साफ करना आदि का कार्य भी शिक्षकों और एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा बखूबी किए। कार्यक्रम का उदघाटन रामानंद डोगरा, प्रधान ग्राम पंचायत गोरा गागल ने किया। इस पूरे कार्यक्रम में प्रतिदीन विभिन्न क्षेत्रों के स्त्रोत व्यक्तियों जिनमें, बीआर कौंडल एचएएस रिटायर्ड ने छात्रों को कानून क्षेत्र, सुशील कुमार पुंडीर, सेवानिवृत संयुक्त शिक्षा निदेशक ने शिक्षा तथा करियर, कमलेश कुमार प्रवक्ता इतिहास ने एनएसएस के बारे में, सुभाष ने पत्रकारिता, दीपक ने आपदा प्रबन्धन के बारे में एनएसएस स्वायसेवियों का ज्ञानवर्धन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन ने राजगीर को मारी जबरदस्त टकर पहुंचाया पीजीआई चण्डीगढ़, जिन्दगी मौत से जुझ रहा राजगीर

**टीम एक्शन इंडिया/फ तेहपुर/विजय समयाल**

पुलिस थाना फ तेहपुर के तहत पडती पंचायत मनोह सिहाल के गाँव सिहाल के पास देर शाम किसी अज्ञात वाहन ने सडक किनारे चल रहे राजगीर लाल चन्द सपुत्र नानक चन्द निवासी बनगढ को जबरदस्त टक्कर मारकर घायल कर रफुचकर होने मे कामयाब हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार उपरोक्त व्यक्ति किसी निजी काम हेतु व सिहाल मे गया हुआ था कि पैदल चल रहे उपरोक्त व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया व वहा से फरार हो गया घायल को परिजन सिविल अस्पताल फतेहपुर ले गये वहाँ पर प्राथमिक उपचार के वाद स्थिती को गंभीर देखते हुए उसे नूरपुर ले जाया गया नूरपुर हॉस्पिटल से फिर परिजन पठानकोट वालो ने उन्हें पीजीआई चण्डीगढ़ रैफर कर दिया है चण्डीगढ़ मे उपरोक्त व्यक्ति जिन्दगी मौत से जुझ रहा है पुलिस थाना फतेहपुर के एस एस ओ राजेन्द्र सिंह से वात की गई तो वताया की मामला अज्ञात वाहन के विरुद्ध दर्ज किया गया है सीसी टीवी की फुटेज खगाली जा रही है जल्द राजगीर को कुचलकर मारने अज्ञात वाहन व वाहनचालक पुलिस के कब्जे मे होंगे

### सोने के आभूषणों के काले सच की कड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

त्योहारों के सीजन पर जहां लोग जमकर सोने और चांदी की खरीद करते हैं वहीं हिमाचल के कुछ कथित नामी ज्वेलर्स की इन दिनों पौहबारहं भी हो रही है। विश्वसनीय सूत्रों की माने तो हमने पिछली कड़ी में बड़े खुलासे किए थे। तो वहीं इस कड़ी में एक ऐसा खुलासा करने जा रहे हैं जिनको पकड़ पाना आम आदमी के बस का रोग नहीं है। यह खेल है केडीएम पाउडर का। सोने के आभूषण तैयार करते समय एक विशेष तरह के केमिकल और केडीएम का पाउडर सोने में मिला दिया जाता है। जिससे सोने का वजन बढ़ जाता है।

अब यहां यह भी बता दें कि यह केडीएम का पाउडर बड़े ही गुप्त तरीके से 500 से 5000 रुपए तोला तक मिलता है। जिसको सोने के पिघलाए जाने के दौरान मिलाया जाता है। यह मिलावटी सोना जल्दी से पकड़ में भी नहीं आता है। अब खुद सोच सकते हैं कि बड़े-बड़े होल्डिंग, बड़े-बड़े अखबारों में विज्ञापन और विज्ञापनों में फ्रि ज, टीवी, एलइडी, यहां तक की एप्पल के फ ोन तक के प्रलोभन खरीददार को दिए जाते हैं।

### डीसी से लगाई गुहार, बेटे मेरे संरक्षण में दिया जाए

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री।**

जवाहर नगर खलियार मंडी के देश राज व उसकी मांग हिमा देवी ने डीसी मंडी को दिए गए एक गुहार पत्र में आग्रह किया है कि उनके बेटे जो हिमा देवी का पोता है को उसकी मां से वापस लेकर उसका संरक्षण उन्हें दिलाया जाए। हिमा देवी का कहना है कि उसका पोता अढाई साल का है। उसकी मां यानि मेरी बहू ने ज्वाला जी में जाकर दूसरी शादी कर ली है। वह मानसिक तौर पर अस्वस्थ रहती है जिसकी वह दवाइयां भी खा रही है। जहां उसने शादी कर रखी है वह व्यक्ति भी शराबी है व उसे डराता धमकाता रहता है। पोता शिव कुमार हमारे पास था मगर अब उसकी मां आई और उसे ले गई। ऐसे में अब उसकी जान को खतरा पैदा हो गया है। उसने उपायुक्त से गुहार लगाई है किसी भी तरह से उसके पोते को उसे वापस दिलाया जाए ताकि वह उसकी परवरिश सही ढंग से कर सकें। यहां पर वह अपने पिता देश राज व दादा दादी के साथ रहे सकेगा मगर ज्वाला जी में मानसिक बीमारी का शिकार उसकी मां व जिसके साथ उसने दूसरी शादी की है वह लोग सही नहीं है। ऐसे में उसे जान का खतरा है तथा उसकी किसी भी हालत में उस माहौल में सही परवरिश नहीं होगी। यह भी बताया गया कि शिव कुमार की मंडी के नसलोह पंचायत में परिवार रजिस्टर में दर्ज है। इस पत्र में उसने बताया है कि शिव कुमार की मां ने जिससे दूसरी शादी की है वह मुरजीत सिंह पुत्र दलीप सिंह गांव तेजगड डाकधर सन्नाई तहसील नादौन जिा हमीरपुर है। उसका मोबाइल नंबर भी इस गुहार पत्र में दे दिया गया है ताकि प्रशासन अपने स्तर पर उससे संपर्क कर सके।

# 2500 करोड़ की परियोजना बदलेगी हिमाचल के पर्यटन की तस्वीर: बाली



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

पर्यटन विभाग द्वारा जिला प्रशासन और द इंडियन राफ्टिंग फेडरेशन के सहयोग से आयोजित की जा रही तीन एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप शुक्रवार को यहां आरंभ हो गई। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने यहां रामलीला ग्राउंड में चैंपियनशिप का विधिवत शुभारंभ किया। इसमें नेपाल, भूटान और कजाकिस्तान के अलावा देश के विभिन्न राज्योंए थल सेना तथा विभिन्न अर्द्धसैनिक बलों की टीमों के साथ-साथ हिमाचल की स्थानीय टीमों सहित लगभग 24 टीमें भाग ले रही हैं। एचपीटीडीसी के अध्यक्ष ने नादौन में किया एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप का उदघाटन

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों, आयोजन समिति और नादौनवासियों को बधाई देते हुए आरएस बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के निदेर्शानुसार आयोजित की जा रही यह प्रतियोगिता नादौन और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन एवं साहसिक खेलों को नई उंचाईयों तक ले जाने में बहुत बड़ी भूमिका अदा करेगी। आरएस बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें पर्यटन क्षेत्र की बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं के उचित दोहन के लिए एडीबी की मदद से लगभग 2500 करोड़ रुपये की एक व्यापक परियोजना को क्लीयरेंस मिली है। हिमाचल प्रदेश में एक साल के भीतर इस परियोजना के परिणाम दिखने शुरू हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को स्वावलंबी एवं सबसे समृद्ध राज्य बनाने में पर्यटन उद्योग बहुत बड़ा योगदान दे सकता है। इसलिएए मुख्यमंत्री स्वयं इस सेक्टर के लिए नई योजनाएं बना रहे हैं। इसी कड़ी में नादौन में भी पर्यटन निगम के होटल, वैलनेस सेंटर और वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर के लिए करोड़ों रुपये की योजनाओं की डीपीआर बनाई गई हैं।

## मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को जिला मंडी के करसोग क्षेत्र में अलसिंडी के पास हुई सडक दुर्घटना में पांच लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता और घायलों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की प्रार्थना की है।

# 'पूर्व सीएम जयराम व भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा वंदना का होगा भव्य स्वागत'

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**भाजपा** महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा सीमा शर्मा ने जारी प्रेस बयान में बताया कि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा वंदना योगी प्रदेश अध्यक्षा बनने के बाद पहली बार व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर महिला मोर्चा के कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे है। महिला मोर्चा जिला मंडी की पदाधिकारी महिलायें प्रदेश अध्यक्षा बन्दना योगी व जय राम ठाकुर का भव्य स्वागत करेगी। इस कार्यक्रम को सफ ल बनाने के लिए पूरी



तैयारियां कर दी गयी है। सीमा शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम लोक निर्माण विभाग के टारना में 4 नवम्बर को मुख्यमंत्री संबाद कक्ष में किया जायेगा। इस वैठक में आगामी योजना व रणनीति महिला मोर्चा की बनायी जाएगी। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को ठगने का काम किया है। 1500 हर महिला को हर महीने देने का वादा चुनावो में कांग्रेस ने किया था और ऐसे झूठे वादे करके कांग्रेस सत्ता में आई है। कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए प्रदेश की महिलाओं को ठगने का काम किया है। आज महिलाओं का सरकार से विश्वास उठ गया है।

# खाई में गिरी जीप, चार महिलाओं सहित 5 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी जिले के करसोग उपमंडल के अलसिंडी के ऊतक मोड़ के पास एक टाटा सूमो गहरी खाई में गिर गई। हादसे में चार महिलाओं और जीप चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को उपचार के लिए सुन्नी अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हादसे में सभी मृतक महिलाएं महिला मंडल की सदस्य बताई जा रही हैं। वह सभी किसी समारोह में शामिल होने जा रही थी। अलसिंडी गांव मंडी और शिमला जिले की सीमा पर स्थित है। इस हादसे में हरि कृष्ण पुत्र दुनी चंद



गांव जसल, सुरक्षा देवी पत्नी हरिकृष्ण, लता देवी पत्नी अश्विनी कुमार बंदली, गौरा देवी पत्नी महेंद्र गांव शकरिहंडी शामिल है जबकि घायलों में कमलेश कुमारी पत्नी खेम सिंह निवासी जसल, रीमा देवी पत्नी गोपाल,मनोरमा देवी पत्नी मोतीलाल, वृष्णा देवी पत्नी हरीश खोलतू तथा दो की पहचान की जा रही है।

यह हादसा कैसे हुआ इसकी अभी तक पुलिस पड़ताल में लगी हुई है। करसोग पुलिस प्रशासन की ओर से तुरंत कार्रवाई करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस हादसे में स्थानीय लोगों ने भी मृतकों और घायलों को सडक तक लाने में अपना योगदान दिया। गौरतलब है कि 2 दिन पहले बुधवार को कोटली उपमंडल के तहत आने वाले धन्यारा गांव के पास एक जीप के गहरी खाई में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई थी। जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतकों में तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल था। जीप में सवार यह लोग किसी शादी समारोह में शामिल होने गए थे और वहां से वापस लौट रहे थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा के छात्रों ने साइंस कांग्रेस में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**डीएवी** पब्लिक स्कूल के विज्ञान संकाय ने ब्लॉक स्तर पर साइंस कांग्रेस में अपने वैज्ञानिक स्वभाव का प्रदर्शन करके स्कूल का नाम रोशन किया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। छात्रों ने उत्कृष्टता दिखाते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में कक्षा दसवीं के सारांश और अर्नव ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। जूनियर में आराध्या और कौशिक आठवीं के छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि जूनियर, सीनियर और सेकेंडरी स्तर के गणित ओलंपियाड में हर्ष ठाकुर 12वीं कक्षा, सप्रिहा दसवीं कक्षा की तथा अरनव सिंह नरयाल आठवीं कक्षा के छात्रों ने प्रथम




स्थान हासिल किया।जूनियर विज्ञान गतिविधि में कक्षा आठवीं की संचिता ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया वहीं सीनियर में कक्षा दसवीं कीअन्वी कालरा ने और सीनियर सेकेंडरी में कक्षा बारहवीं के हरदीप ने प्रथम स्थान हासिल किया।

**उत्कृष्टता**

**8 वैज्ञानिक स्वभाव का प्रदर्शन करके स्कूल का नाम रोशन किया, विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया**

एक नवोन्मेषी इन्नोवेटिव विज्ञान परियोजना में 11वीं कक्षा की दिव्य ज्योति और नैंसी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफ ी पर कब्जा जमाया। प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया ने टीम को उनकी शानदार सफ लता पर बधाई दी और उनके उत्तम भविष्य की कामना की।

# ऐतिहासिक चौगान में विवि अंतर महाविद्यालय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने आज ऐतिहासिक चौगान में राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय चम्बा के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय पुरुष फु टबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उपायुक्त ने प्रतियोगिता के विधिवत शुभारम्भ की घोषणा करते हुए खिलाडि?ों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होती है।



उन्होंने कहा कि खेलें शरीर के साथ साथ मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय चम्बा के प्राचार्य व सभी अध्यापकों को फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन की शुभकामनायें भी दीं। उन्होंने कहा कि खेलकूद गतिविधियों से युवाओं का सकारात्मक गतिविधियों में ध्यान केंद्रित रहता है वहीं युवाओं को नशे जैसी कुरितियों से भी दूर रहने के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# मुख्यमंत्री प्रदेश के विकास और अपनी सेहत पर दें ध्यानः जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

**जिला कुल्लू** के भुंतर में जिला कुल्लू भाजपा के द्वारा भाजपा समर्थित बीडीसी जनप्रतिनिधियों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला कुल्लू और जिला लाहौल स्पीति के बीडीसी सदस्यों ने भाग लिया। वहीं इस शिविर में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी विशेष रूप से शामिल हुए और उन्होंने सभी बीडीसी सदस्यों को भी इस शिविर के आयोजन के बारे में जानकारी दी। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम का जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अरविंद चंदेल के द्वारा स्वागत किया गया और जिला में भाजपा के द्वारा किये जा रहे कार्यक्रमो के बारे में भी जानकारी दी गई। वही, उपस्थित बीडीसी सदस्यों को संबोधित करते



हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि इससे पहले जिला परिषद सदस्यों का प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ है और भाजपा संगठन के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के सभी जिला में इस तरह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाए। वही शिविर में जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया गया है कि वह केंद्र सरकार की योजनाओं का गांव.गांव जाकर प्रचार करें। ताकि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोगों तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री को फिलहाल अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना चाहिए। आज उन्हें मौका मिला है तो वह भाजपा के नेताओं को कोस रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि प्राकृतिक आपदा में भी भाजपा के नेताओं ने लोगों को राहत देने की दिशा में लगातार काम किया

**आह्वान**

**8 प्रदेश के सभी जिला में इस तरह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाए: जयराम ठाकुर**

और भाजपा के नेता हिमाचल प्रदेश के हित के लिए अपनी जान देने को भी तैयार है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह आए दिन अजीबोगरीब बयान देते रहते हैं। लेकिन भाजपा एक शालीन पार्टी है और भाजपा के नेता संयम में रहकर बयान जारी करते हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर को चाहिए कि वह शालीनता से प्रदेश के विकास कार्यों को लेकर काम करें और अपने स्वास्थ्य लाभ की ओर विशेष ध्यान दें।

## नगर निगम शिमला क्षेत्र में पटाखों की बिक्री के लिए 14 स्थानों का चयन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

जिला दण्डाधिकारी शिमला आदित्य नेगी ने आज सीआरपीसी की धारा 144 में निहित शक्तियों के तहत नगर निगम शिमला क्षेत्र में पटाखों व अन्य आतिशबाजी की बिक्री के लिए 14 स्थलों का चयन किया है। जिला दण्डाधिकारी शिमला द्वारा इस सम्बन्ध में जारी आदेशानुसार पटाखों व अन्य आतिशबाजी की बिक्री के लिए आईस स्केटिंग रिंक शिमला, बालुगंज मैदान गोपाल मन्दिर के सामनेद्ध, संजौली में छोटा शिमला की ओर लोक निर्माण विभाग पार्किंग के पीछे, खलिणी बाईपास नजदीक त्रीलोक चन्द दुकानए हिमाचल प्रदेश विषविद्यालय मैदान समरहिलए छोटा शिमला से कसुम्पटी की ओर खुले क्षेत्र में सडक के किनारे, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फ ागली के नजदीक खुले मैदान में, भटटाकुफ र स्कूल मैदान, न्यु शिमला बस अडडे के नजदीक सेक्टर 6 कंगनाधार, मशोबरा में तलाई मन्दिर मैदान, विकासनगर पुलिस चौकी के नजदीक, शोघी में प्राथमिक पाठशाला मैदान, कसुम्पटी में रानी मैदान तथा विजय नगर टुटू में नालागढ़ रोड़ मैदान का चयन किया गया है।

## हिमाचल में भूकंप विशेष चिंता का विषयः गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्राधिकरण आशुतोष गर्ग ने जानकारी दी कि प्रदेश राज्य में सुरक्षित निर्माण को बढ़ावा देने के लिए सेवानिवृत्त अभियंताओं की सेवाओं के उपयोग हेतू केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित 33 आपदाओं में से 25 आपदाएं हिमाचल प्रदेश में मौजूद है। राज्य भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, हिमस्खलन और सूखे सहित विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के लिए संवेदनशील है। इनमें से भूकंप विशेष चिंता का विषय हैं भूकंप जोखिम क्षेत्ररू राज्य का लगभग 32: भौगोलिक क्षेत्र अत्यधिक क्षति जोखिम क्षेत्र;जोन पांच में आता है, जबकि शेष क्षेत्र जोन फोर में आता है। यह वर्गीकरण भूकंप की संवेदनशीलता के विभिन्न स्तरों को इंगित करता है। भूकंप के प्रति संवेदनशीलता को कम करने के लिए सुरक्षित निर्माण पद्धतियों

**जोन**

**8 भूकंप जोखिम क्षेत्ररू राज्य का लगभग 32: भौगोलिक क्षेत्र अत्यधिक क्षति जोखिम क्षेत्र ;जोन पांच में आता है**

को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। इस तरह की प्रथाएं न केवल आपदा के बाद होने वाली क्षति को कम करती हैं बल्कि मानव जीवन की भी रक्षा करती हैं। भूकंप की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती, इसलिए भूकंप प्रतिरोधी भवन प्रथाओं के माध्यम से तैयारी महत्वपूर्ण है। पहाड़ी राज्य में सुरक्षित निर्माण प्रथाओं की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सेवानिवृत्त तकनीकी विशेषज्ञता के एक मजबूत पूल की आवश्यकता है। यह विशेषज्ञता सुरक्षित निर्माण प्रथाओं के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने में सहायता कर सकते है।

## कांग्रेस के गलत निर्णय से 10 माह में 10 साल पीछे हुआ हिमाचलः गोविंद

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**हिमाचल** प्रदेश में कांग्रेस की सरकार को बने हुए 10 माह का समय हो गया। लेकिन कांग्रेस सरकार के गलत निर्णय के चलते 10 माह के भीतर ही प्रदेश 10 साल पीछे चला गया है। पत्रकारों को जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही सबसे पहले पूर्व भाजपा सरकार के द्वारा आम जनता के हित में खोले गए स्थान को बंद करने का कार्य किया और आज प्रदेश में 1000 से अधिक संस्थान बंद कर दिए गए हैं। इससे भी प्रदेश की जनता को काफी नुकसान उठाना पड़ा। कांग्रेस सरकार यही नहीं रुकी। उसके बाद उन्होंने प्रदेश में बिना किसी कारण को जाने क्रशर को बंद करने का फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा में हिमाचल प्रदेश को खासा नुकसान हुआ। सरकार विकास कार्यों को तेज करने की बात तो कहती है। लेकिन जब क्रशर बंद होने के चलते भवन निर्माण सामग्री ही नहीं मिल पा रही है। तो प्रदेश में विकास कार्य कैसे तेज होंगे। आज भवन निर्माण सामग्री ना मिलने के चलते लोगों के अपने काम अटक गए हैं और इसका खामियाजा भी आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को भुगतना होगा। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने बताया कि कांग्रेस सरकार सुख की सरकार की बात अपने हर मंच से कहती है।

लेकिन बीते 9 माह में जिस तरह से प्रदेश में अपराधी का घटनाओं में वृद्धि हुई है। उससे यह पता चलता है कि प्रदेश में सुख की नहीं। बल्कि दुख की सरकार है और आए दिन अपराधी घटनाओं से प्रदेश के लोग भी बुरी तरह से सहमे हुए हैं।

## वृद्धाश्रम घागस में भाषा एवं संस्कृति विभाग ने मनाया पहाड़ी दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर /कश्मीर ठाकुर**

भाषा एवं संस्कृति विभाग कार्यालय बिलासपुर द्वारा पहाड़ी दिवस का आयोजन बिलासपुर के घागस स्थित अपना घर में किया गया। इस आयोजन के प्रथम सत्र में कवि गोष्ठी तथा पत्र वाचन हुआए वहीं दूसरे सत्र में लोकगीत तथा लोक नृत्य करवाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई और सबसे पहले साहित्यकार रविंद्र भट्टा ने पहाड़ी भाषा पर पत्र वाचन किया और उन्होंने बताया कि किस तरह से पहाड़ी भाषा का उद्गम हुआ और पहाड़ी बोली की क्या अहमियत है। उन्होंने इसमें योगदान करने वाले हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी



लेखकों का भी उल्लेख किया। इसके उपरांत कवि गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। जिसमें जिले भर से आए विभिन्न कवियों ने अपनी रचनाएं पढ़ी और अपना घर के सभी बुजुर्गों का मनोरंजन किया। सबसे पहले वरिष्ठ पत्रकार अरुण डोगरा रीतू की कविता करवा चैथ पर रही हर साले साही इस साल भी रख्या था मेरिया लाडिया करवा चैथी रा बरतए तृप्ता कौर मुसाफिर की लाइनें थी दिवाली आई दिवाली आई अप्पू सोगी मती सारी खुशियां लाई, पूनम शर्मा ने अपनी कविता में कहा जो कौदा कुल्थ कचालू नाओं दर्ज पन्न्या च हुई जाने, एनआर हितैषी ने कुछ यूं कहा कहां से छोड़ो अप्पू लगदे खाने कमाने ता घागसा जो भेजी ते सयाने सयानेए कविता सिसोदिया की कविता थी एक जमाना था सयानया रा खूब रोब होर इज्जत थी, एसआर आजाद ने कहा किहीयां भी हो किसी पर भी हो दवाब बनाना ठीक नी हुंदा, सेवानिवृत्त जिला भाषा अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा ने कहा जिनके पास अपने हैं वह अपनों से झगड़ते हैं जिनका कोई नहीं अपना वह अपनों को तरसते हैं। बिलासपुर की साहित्यकार सुमन चड्ढा ने कांगड़ा के सुप्रसिद्ध कवि शक्ति चंद राणा की पंक्तियां पढकर सुनाई सिरे पर चादरु रा मुक्या रवाज भुली गई, सब लोक लॉजए सुरेंद्र मिन्हास की कविता थी आदर भाव तेरा करया दे थे जेहड़े देंदे थे तिजो गालीए अमरनाथ धीमान ने अपनी कविता में कहा इस जीभा रे स्वादा री बड़ी ही अजब कहानीएसाहित्यकार कुलदीप चंदेल ने अपनी रचना बांकी लाड़ी में कहा मेरे गांवा रा प्रेम दिल्लिया ते विहाही के बांकी लाड़ी लियाया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में नरेंद्र दत्त शर्मा ने पहाड़ी गीत और गंगी गाकर सभी का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं सरदार अनूप सिंह मस्ताना ने भी गीत सुनाए। इस अवसर पर तृप्ता कौर मुसाफिर के सांस्कृतिक दल ने बिलासपुरी लोक नृत्य प्रस्तुत किया जिस पर सभी झूम उठे और कुछ बुजुर्गों ने तो नृत्य भी किया।

## मंडी अर्बन बैंक का साधारण अधिवेशन 5 को

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**दी मंडी** अर्बन को आपरेटिव बैंक सीमित का साधारण अधिवेशन रविवार 5 नवंबर को होगा। यह जानकारी देते हुए बैंक के अध्यक्ष रविकांत वैद्य ने बताया कि यह अधिवेशन मंडी के श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर में रविवार को सुबह 11 बजे होगा। इसमें सभी 3700 सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि वह इस अधिवेशन में हर हालत में भाग लें ताकि बैंक को लेकर कोई अच्छे निर्णय लिए जा सकें।

## काठमांडू में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर महासंघ की बैठक संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

अन्तराष्ट्रीय मजदूर महासंघ बीडब्ल्युआई की दो दिवसीय बैठक काठमांडू नेपाल में शुक्रवार को साऊथ एशिया के क्षेत्रिय प्रतिनिधि डा. राजीव शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में अन्तराष्ट्रीय वितीय संस्थानों द्वारा विभिन्न देशों और प्रदेशों में विकास प्रोजैक्टों के लिए स्वीकृत किये गये फण्ड के बारे में चर्चा हुई। इस बैठक में नेपाल, श्रीलंका, बंगलादेश, पाकिस्तान और भारत देश के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारत देश के मध्यप्रदेष से अमृतांष नेमा,



गुजरात से विपुल पान्डेय, कर्नाटक से लीलावती ने भाग लिया। बैठक में चर्चा हुई कि अन्तराष्ट्रीय वितीय संस्थानों द्वारा फ डिंग प्रोजैक्टों में श्रम मानको का पालन होना चाहिये। हिमाचल प्रदेश से आल हिमाचल पीडब्ल्यूडी-आईपीएच एण्ड कन्ट्रैच्युल वर्करज युनियन के सचिव प्रेम लाल भाटिया ने भी इस इंटरनेशनल मींटिग में भाग लिया। हिमाचल प्रदेश में भी विश्व बैंक द्वारा फन्डिग शिमला वाटर सप्लाई प्रोजैक्ट चला हुआ है। इसके अतिरिक्त एशियन डिवलपमैन्ट बैंक द्वारा हिमाचल प्रदेष के ग्रामीणों के पीने के पानी को सुदृढ़. बनाने के लिए लगभग 1300 करोड़ रुपए की फन्डिग की है। प्रेम लाल भाटिया ने हिमाचल प्रदेश में विभिन्न निर्माण प्रोजैक्टों में कार्यरत मजदूरों की वर्तमान स्थिति को अन्तराष्ट्रीय मींटिग में रखा।

अन्तराष्ट्रीय मींटिग में निर्णय लिया गया कि संबन्धित युनियन विभिन्न निर्माण प्रोजेक्टों के नियोक्तओं के साथ कायार्शाला का आयोजन किया जाये। क्योंकि प्रोजैक्टों की कुल लागत का 1 प्रतिशत पैसा श्रम कल्याण बोर्ड मे जमा होता है। परन्तु उस पैसे का लाभ सम्बन्धित निर्माण प्रोजैक्टों मे कार्यरत कामगारों को नहीं मिलता।

## मशरूम की खेती कर सशक्त हुई हिमाचल की महिलाएं

**स्वरोजगार**

**8 65 स्वयं सहायता समूह ने एक वर्ष के अतंराल में 12 लाख से अधिक की कमाई की**

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

**जापान** अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी यानी जाइका वाणिकी परियोजना से पहाड़ की महिलाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। प्रदेश में मशरूम की खेती करने के लिए स्वयं सहायता समूहों की मदद की जा रही है। बताया गया कि 65 स्वयं सहायता समूह ने एक वर्ष के अतंराल में 12 लाख से अधिक की कमाई की। यह अपने आप में रिकार्ड भी है। हिमाचल प्रदेश वन परिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन एवं आजीविका सुधार परियोजना प्रदेश के 18 वन मंडलों के 32 फोरेस्ट रेंज में प्रोजेक्ट के माध्यम से मशरूम की खेती की जा रही है। जाइका के माध्यम से प्रदेश के 65 स्वयं सहायता समूहों को हर मौसम में मशरूम की खेती करने के तरीके बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बटन मशरूमए शिटाके मशरूम और ढिंगरी मशरूम से आज महिलाओं के साथ.साथ पुरूष भी



आजीविका कमा रहे हैं। शिमला के कांडा में स्वयं सहायता समूह को उनके गांव में जाइका वानिकी परियोजना के कर्मचारियों और विशेषज्ञों द्वारा बटन मशरूम की खेती के लिए प्रोत्साहित किया। ग्रुप ने किराए के कमरे में 10 किलोग्राम के 245 बीज वाले कम्पोस्ट बैग के साथ बटन मशरूम का उत्पादन शुरू किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बटन मशरूम के उत्पादन में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिला सदस्यों के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की गई। जिस वजह से 25 दिनों के बाद बटन मशरूम का उत्पादन शुरू हुआ और एक हफ्ते में ग्रुप ने 200 किलोग्राम मशरूम तैयार किया, जो 150 से 180 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत पर मिल रहा है। बटन मशरूम के साथ-साथ ढींगरी और शिताके मशरूम की प्रजातियों की ज्यादा मांग है। इसको ध्यान में रखते हुए समूह में मशरूम उगाने में विविधता लाने के प्रयास जारी है। जिला मंडी के सुंदरगनर के वन मंडल सुकेत में 19 स्वयं सहायता समूह हैं, जो मशरूम की खेती कर आजीविका कमा रहे हैं। बताया गया कि इन सहायता समूह ने पिछले एक साल में आठ लाख रुपये की कमाई की है। जाइका की ओर से मशरूम की ट्रेनिंग के लिए विभिन्न स्थानों पर कृषि विज्ञान केंद्रों की सेवाएं ली जा रही है।

**59 ग्रुप ने पहली बार की मशरूम की खेतीः** प्राप्त जानकारी के मुताबिक 65 में से 59 ऐसे ग्रुप हैं, जो पहली बार मशरूम की खेती कर रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से महिलाओं के 45 ग्रुप और ग्रुप पुरूष के हैं।

## बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला लाहुल स्पीति में त्रैमासिक जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। लाहुल स्पीति में जल्द ही बाल देखभाल गृह की सुविधा शुरू होगी। उपायुक्त राहुल कुमार ने यह खुलासा किया। दरअसल हिमाचल में केवल लाहुल स्पीति में ही अभी तक बाल देखभाल गृह की सुविधा उपलब्ध नही है। ऐसे जिला के जरूमद और देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों को जिला से बाहर भेजना पड़ रहा है। उपायुक्त ने



विभाग निर्देश दिए है कि इसके लिए जल्द भूमि को चिन्हित करें। बैठक में बाल कल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए राहुल कुमार ने कहा कि जिले में बाल मजदूरी व भिक्षावृति सहित बाल शोषण के कोई मामले नही है। लेकिन जिला बाल संरक्षण इकाई जिले में जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वस्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग मिलकर जिला बाल विकास इकाई बाल मजदूरी के रोकथाम व बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान चला रहे है।

उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि जिले के दुर्गम क्षेत्र म्यार घाटी के एक गांव में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की संख्या अधिक है ऐसे में इन इलाकों में स्वास्थ्य विभाग आईसीएमआर की मदद से इस समस्या की तय तक जाने की कोशिश करें ताकि यह पता चल सके कि बच्चों में यह समस्या क्यों आ रही।

## राजपूत सभा ने चुनावी प्रक्रिया के लिए पुलिस से मांगा सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

श्री राजपूत सभा मंडी ने पुलिस अधीक्षक मंडी से आग्रह किया है कि 19 नवंबर को बल्ह घाटी के माता बाला सुंदरी मंदिर में सभा का साधारण अधिवेशन रखा गया है। इस दिन सभा के चुनाव भी करवाए जाएंगे। ऐसे में उस दिन मंदिर परिसर में कानून व्यवस्था के लिए पुलिस सहयोग करे। राजपूत सभा का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल प्रधान इंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र शर्मा से मिला तथा उन्हें इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा।

## सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने नंगल कला में की 101 लोगों की स्वास्थ्य जांच

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे संचालित अस्पताल-साँसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम प्रीति, रुचि, निहाल ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व मे गाँव व ग्राम पंचायत नंगल कला में स्थानीय ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्य जांच शिविर मे 101 लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई व 40 लोगों की रक्त जांच भी की गई। उच्चरक्तचाप के 13 मधुमेह के 09, जोड़ों के दर्द के दर्द से



पीड़ित 33 लोग पाए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच निरूशुल्क की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाईयों का वितरण भी निःशुल्क किया गया द्य इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मचारी, आशा वर्कर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व स्थानीय गांववासी मौजूद रहे। सभी ने इस स्वास्थ्य शिविर के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व प्रयास संस्था का धन्यवाद किया।

## 'समाज की प्रगति और गुड गवर्नेंस में सूचना प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

प्रदेश के विकास में नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग सुनिश्चित कर महत्वाकांक्षी एवं सार्थक बदलाव लाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार, गोकुल बुटेल ने यह जानकारी गत दिवस को डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग द्वारा दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के सहयोग से 5जी का उपयोग एवं क्षमता निर्माण विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए दी। गोकुल बुटेल ने कहा कि नागरिक सेवाओं का दायरा विस्तृत करने, रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने तथा



दक्षता बढ़ाने के लिए 5जी तकनीक अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी का शिक्षा, स्वास्थ्य, निगरानी, कृषि, बागवानी सहित अन्य क्षेत्रों में उपयोग सुनिश्चित किया गया है। इससे न केवल प्रदेश की आर्थिकी को सशक्त करने में बल मिलेगा बल्कि प्रदेश को आगामी 10 वर्षों में आत्मनिर्भर और देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश विकास से बदलाव के नए दौर की ओर अग्रसर है तथा सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका इसमें सबसे अहम है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा कि प्रदेश में 5जी तकनीक को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए सभी हितधारकों को हरसम्भव सहायता प्रदान की जा रही है। विभागों की कार्यप्रणाली में दक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के

**महत्व**

**8 नेटवर्क सेवाओंए आपसी समन्वय व प्रदेश में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के महत्त्व पर भी बल दिया**

लिए ई-ऑफि स प्रणाली कार्यान्वित की गई है। इसके साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी तकनीक का उपयोग कर नागरिक सेवाओं को भी सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से नेटवर्क सेवाओंए आपसी समन्वय व प्रदेश में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के महत्त्व पर भी बल दिया।

